राजस्व लोक अदालत केम्प पचपदरा तहसील पचपदरा

न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : श्री भागीरथ राम, आर.ए.एस मुकदमा न0 73/2018

वादीगण :– 1 बाबूलाल पुत्र वजाराम मेघवाल निवासी पचपदरा

बनाम

प्रतिवादीगण :– 1. धर्मचन्द भगवानाराम पि. मूलाराम, ओमप्रकाश नाथूराम लूणाराम, लेखाराम पि.शंकरलाल गंगादेवी पत्नि शंकरलाल जाति मेघवाल निवासी पचपदरा

2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार पचपदरा

88 आर.टी.ए <u>दावा बाबत घोषणा</u>

निर्णय दिनांकः–21.05.2018

वादी ने यह वाद पत्र अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के अन्तर्गत राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार ग्राम पंचायत माजीवाला प्रस्तुत की गई है।

वादी ने वाद पत्र में सक्षिप्त रूप से प्रकरण में जाहिर किया कि ग्राम पचपदरा के विवादित ख0न0 कमशः 231, 650, 484, 485, 493, 494, 495, 496, 497 रकबा कमशः 20.15, 13.09, 112.10 बीघा में वादी को जरिये विरासत प्राप्त हुई है जिसमें वादी व प्रतिवादीगण सह खातेदार है विरासत नामांतरकरण भरते समय वादी का नाम भूराराम पुत्र वजाराम दर्ज है, जो अशुद्व व गलत नाम है। जबकि वादी का सही नाम बाबूलाल पुत्र वजाराम है। जिसको सही करने हेतु निवेदन किया है।

पत्रावली के संलग्न दस्तावेज का अवलोकन व अध्ययन किया गया । वादी द्वारा पेश वाद के साथ के प्रस्तुत वादपत्र के साथ प्रस्तुत दस्तावेज, शपथ पत्र, पहचान पत्र व राशनकार्ड, स्टटे बैंक आफॅ बीकानेर एण्ड जयपुर की फोटो प्रति व पटवारी पचपदरा/ तहसीलदार पचपदरा व उपस्थित गवाह कमशः धर्मचन्द भगवानाराम ,के ब्यानो की संयुक्त रिपोर्ट का अवलोकन किया गया जिसके अनुसार ग्राम पचपदरा के ख0न0 कमशः 231, 650, 484, 485, 493, 494, 495, 496, 497 रकबा कमशः 20.15, 13.09, 112.10 बीघा में वादी का नाम भूराराम पुत्र वजाराम राजस्व रेकर्ड में अशुद्व नाम दर्ज है। जब कि अन्य सरकारी दस्तावेज में बाबूलाल पुत्र वजाराम दर्ज है।

अतः वादी का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार पचपदरा को आदेश दिया जाता है ग्राम ख0न0 कमशः 231, 650, 484, 485, 493, 494, 495, 496, 497 रकबा कमशः 20.15, 13.09, 112.10 बीघा में वादी का नाम भूराराम पुत्र वजाराम के स्थान पर बाबूलाल पुत्र वजाराम नाम दर्ज करने का आदेश दिया जाता है।

आदेश राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार में सुनाया गया ।

पत्रावली फैसल सुमार होकर के दाखिल दफतर हो ।

(भागीरथ राम)

पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कोर्ट कैम्प 2018

उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलेक्टर

बालोतरा कैम्प ...... पचपदरा

Scanned by CamScanner